आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय,

डोमरी, रामनगर, वाराणसी

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)– कार्य–वृत्त एवं सुझाव

बिन्दु संख्या–01– पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

पिछले कार्यों की समीक्षा–पिछले **IQAC** (Internal Quality Assurance Cell) के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की।

बिन्दु संख्या–02– UGC से 2(f) की मान्यता प्राप्त होने की सूचना।

UGC 2(f) मान्यता संबंधी सूचना– बैठक में सूचित किया गया कि महाविद्यालय को UGC से 2(f) की मान्यता प्राप्त हो गई है। इस संबंध में UGC द्वारा प्राप्त आधिकारिक पत्र को सभी सदस्यों के समक्ष पढ़ा गया।

बिन्दु संख्या–03– बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने की सूचना।

बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम संबंधी सूचना– सभी सदस्यों को सूचित किया गया कि महाविद्यालय को दिनांक 8 मई 2025 को बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम संचालित करने की औपचारिक मान्यता प्राप्त हुई थी। तदनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025–26 से बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम का सफल संचालन निरंतर जारी है।

बिन्दु संख्या–04– कम्प्यूटर प्रयोगशाला कक्ष के लोकापर्ण की सूचना

कंप्यूटर लैब का उद्घाटन–छात्राओं को आधुनिक और तकनीकी शिक्षा के सुलभ साधन प्रदान करने के उद्देश्य से, दिनांक 13 अप्रैल 2026 को महाविद्यालय परिसर में एक नये कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। बैठक में सभी सदस्यों को सूचित किया गया कि लैब में छात्राओं को एआई (AI) गूगल जेमिनी (Google Gemini), और यूट्यूब (YouTube) जैसे आधुनिक डिजिटल साधनों के माध्यम से अध्ययन करने और नई तकनीकों को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

बिन्दु संख्या–05– M.Sc एवं M.Com पाठ्यक्रम सत्र 2026–27 से प्रारम्भ होने की सूचना।

स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना–समिति में समस्त उपस्थित सदस्यों को सूचित किया गया कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 से महाविद्यालय में एम.एससी. (जूलॉजी) और एम.कॉम पाठ्यक्रम प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के शुल्क (Fees) से संबंधित कार्ययोजना को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सर्वसम्मति प्रदान की।

समिति के सदस्यों ने PPT प्रस्तुतिकरण के बाद महाविद्यालय की प्रगति के लिए बहुमुल्य सुझाव दिये जिसका विवरण निम्नवत् है।

- **कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेट प्रोग्राम**–महाविद्यालय की कंप्यूटर प्रयोगशाला में छात्राओं को 10–10 के समूहों में विभाजित कर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। जिसके लिए आगामी सत्र से कंप्यूटर सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किया जाए।
- **SWAYAM पोर्टल पर पंजीकरण**–अकादमिक विकास को बढ़ावा देने हेतु महाविद्यालय की सभी छात्राओं का SWAYAM (स्वयं) पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराया जाए।
- **ई–कंटेंट (e-content) की उपलब्धता**–अध्ययन–अध्यापन को प्रभावी बनाने के लिए सभी विषयों का ई–कंटेंट कंप्यूटर/डिजिटल माध्यम पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि छात्राओं में पढ़ने के प्रति रुचि और संलग्नता विकसित हो सके।
- **उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन (गोद लिए गए गांव)**–महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में छात्राओं को उच्च शिक्षा (Higher Education) प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित और जागरूक किया जाए।
- **जीरो ड्रॉप आउट पॉलिसी (Zero Drop Out Policy)**–महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में उन बच्चों की पहचान की जाए जिन्होंने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी है। उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने और वापस स्कूल/कॉलेज आने के लिए प्रेरित किया जाए।

- **पोर्टल नामांकन–** यूपी प्रमाण (UP Praman) पोर्टल के 43 निर्धारित बिंदुओं के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया को पूरा किया जाये, जिसमें शामिल हैं:

(i) ORCID ID पर नामांकन सुनिश्चित करना।

(ii) 'iGOT Karmayogi' ऐप पर लॉग–इन करना।

(iii) प्लेगरिज्म (Plagiarism) सॉफ्टवेयर–शोध कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्लेगरिज्म सॉफ्टवेयर का प्रावधान किया जाए।

- **एम.ओ.यू. (MoU)–**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अंतर्गत, अन्य शिक्षण संस्थानों एवं औद्योगिक निकायों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।
- **फीडबैक प्रणाली**–महाविद्यालय के पूर्व छात्राओं (Alumni) एवं अंतिम सेमेस्टर की छात्राओं से फीडबैक फॉर्म भरवाकर, उनका व्यवस्थित रिकॉर्ड संरक्षित किया जाए।
- **स्मार्ट क्लासरूम**–शैक्षणिक वातावरण को आधुनिक बनाने हेतु महाविद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम एवं डिजिटल बोर्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

अंत में समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करके बैठक समाप्त की गई।